| | | |
|---|---|---|
| | **कृत्रिम ज्ञान तथा रोबोटिकी केन्द्र**<br>**Centre for Artificial Intelligence and Robotics**<br>**रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन**<br>**Defence Research and Development Organization**<br>डी.आर.डी.ओ. कॉम्प्लेक्स, सी.वी.रामन नगर, बेंगलुरु – 560 093<br>DRDO Complex, C.V. Raman Nagar, Bengaluru- 560093 | |

**विज्ञापन सं. CAIR/HRT/JRF/2026/02** **दिनांक : 06/08/2026**

## 19 सितंबर 2026 को सी.ए.आई.आर., बेंगलुरु में जूनियर रिसर्च फेलोशिप पद के लिए साक्षात्कार (वॉक-इन-इंटरव्यू) के लिए विज्ञापन

कृत्रिम ज्ञान तथा रोबोटिकी केन्द्र, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) का एक प्रमुख संस्थान है, जो निम्नलिखित फेलोशिप के अंतर्गत नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान हेतु युवा एवं मेधावी भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता हैं -

| क्र सं (क) | फेलोशिप का नाम (ख) | रिक्त पदों की संख्या (ग) | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता (घ) | वांछनीय मापदंड (ङ) | फेलोशिप की अवधि (च) | आयु सीमा (साक्षात्कार दिनांक के अनुसार) (छ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) | 01 | एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से व्यावसायिक पाठ्यक्रम (बीई/बीटेक) में कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर इंजीनियरिंग/ डेटा विज्ञान/ कृत्रिम बुद्धिमत्ता/ सूचना विज्ञान में प्रथम श्रेणी में स्नातक डिग्री, और साथ में वैध सीएसआईआर-यूजीसी (नेट)/ गेट योग्यता सहित<br>या<br>एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से व्यावसायिक पाठ्यक्रम (एमई/एम.टेक) में कंप्यूटर विज्ञान/ कंप्यूटर इंजीनियरिंग / डेटा विज्ञान/ कृत्रिमबुद्धिमत्ता/ सूचना विज्ञान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्री, दोनों में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण। | क) एल्गोरिदम के डिजाइन एवं विश्लेषण में दक्षता<br>ख) डीप लर्निंग एवं नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग का व्यापक ज्ञान<br>ग) पाइथन प्रोग्रामिंग में विशेषज्ञता तथा ओपन-सोर्स डेवेलपमेंट फ्रेमवर्क (पाइटॉर्च, डॉकर) में अनुभव | 02 वर्ष (नियमों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है एवं एसआरएफ में अपग्रेड किया जा सकता है) | 28 वर्ष (ओबीसी के लि 03 वर्ष और एससी/एसटी/पीएच के लिए 05 वर्ष की छूट |

**<u>चयन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी:</u>**

i. **आवेदन प्रक्रिया:** पात्र उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे वॉक-इन इंटरव्यू से पहले इस विज्ञापन के साथ दिए गए प्रारूप (https://www.drdo.gov.in से डाउनलोड किया हुआ) के अनुसार विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र ई-मेल द्वारा "**j.r.f.recruitment.blore@gmail.com"** को भेजें। ई-मेल द्वारा **आवेदन पत्र प्राप्त करने** की **अंतिम तिथि 13 सितंबर 2026 है। भरे हुए आवेदन पत्र की एक प्रति साक्षात्कार वाले दिन** जीवनवृत्त (बायोडाटा) के साथ लाएं। ईमेल के विषय में "**विज्ञापन संख्या: CAIR/HRT/JRF/2026/02 के संबंध में जेआरएफ के लिए आवेदन**" लिखा होना चाहिए। कृपया ध्यान दें **कि किसी भी अतिरिक्त उपसर्ग और/या प्रत्यय के बिना निर्दिष्ट विषय का उपयोग करना** अनिवार्य है। **इसका अनुपालन न करने पर ईमेल को अस्वीकार किया जा सकता है।**

ई-मेल के माध्यम से आवेदन जमा करना केवल उम्मीदवारों के पूर्व-पंजीकरण के लिए है। पात्र उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू के दिन अपना पंजीकरण समय कम करने हेतु पूर्व-पंजीकरण करने की अनुशंसा की जाती है। हालाँकि, पात्र उम्मीदवार सीधे, पूर्व-पंजीकरण के बिना, निर्धारित रिपोर्टिंग समय के भीतर सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए रिपोर्ट कर सकते हैं। यह ध्यान दें कि पूर्व-पंजीकरण के लिए ई-मेल या अन्यथा कोई अलग पावती नहीं भेजी जाएगी।

**उपरोक्त तालिका (घ) और (छ) में उल्लिखित मापदंडों को पूर्ण करने वाले पात्र उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं।**

ii. **वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि: 19 सितंबर 2026 (शनिवार), रिपोर्टिंग समय: 0830-0930 बजे**

iii. **वॉक-इन-इंटरव्यू का स्थान:** कृत्रिम ज्ञान तथा रोबोटिकी केन्द्र (सी.ए.आई.आर.), डी.आर.डी.ओ. कॉम्प्लेक्स, सी.वी. रामन नगर, बेंगलुरु - 560093

iv. **चयन प्रक्रिया:**

a. साक्षात्कार के दिन, मूल प्रमाण पत्र/प्रशंसापत्र, यदि लागू हो तो कम्यूनिटी सर्टिफिकेट की जांच की जाएगी। केवल पात्र उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

b. लिखित परीक्षा 19 सितंबर 2026 को 1000 बजे से आयोजित की जाएगी और केवल पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार उसी दिन यानी 19 सितंबर 2026 को लिया जाएगा। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे इसके लिए तैयार रहें।

c. पदों पर भर्ती **साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची** के अनुसार प्रदान की जाएगी। उम्मीदवार द्वारा प्रस्ताव को अस्वीकार करने या साक्षात्कार परिणाम के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष के भीतर त्याग-पत्र देने की स्थिति में, यह पद मेरिट सूची में अगले उम्मीदवार को दिया जाएगा।

v. **साक्षात्कार दिशानिर्देश:**

a. सी.ए.आई.आर. मेन गेट रिसेप्शन, सी.वी. रामन नगर, बेंगलुरु में रिपोर्टिंग समय साक्षात्कार की तारीख को **0830-0930 बजे** है। **देर से आने वाले उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू** प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

b. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए उपस्थित उम्मीदवारों को पहले पृष्ठ के ऊपरी दाएं कोने पर नवीनतम

पासपोर्ट आकार की फोटो सहित प्रारूप के अनुसार पूरी तरह से भरा हुआ आवेदन पत्र जमा करना होगा।

c. उम्मीदवारों को रिपोर्टिंग के समय सभी मूल प्रमाण पत्र/प्रशंसापत्र, यदि लागू हो, तो मूल में प्रस्तुत करने होंगे। उन्हें सभी प्रमाणपत्रों/प्रशंसापत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट और दो नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो भी लानी होंगी। उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में परियोजना रिपोर्ट ला सकते हैं।

d. उम्मीदवार को वॉक-इन-इंटरव्यू के समय फोटो-पहचान प्रमाण पत्र जैसे आधारकार्ड/पैन कार्ड/पासपोर्ट/वोटर आईडी आदि का मूल एवं एक फ़ोटोकापी भी प्रस्तुत करना होगा।

**<u>सामान्य शर्तें:</u>**

i. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष तक और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष तक की आयु में छूट दी गई है। जो लोग एससी/एसटी/ओबीसी से संबंधित हैं, उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ii. **वज़ीफा (स्टाइपेंड) :** वित्तपोषण एजेंसियों के नियमों के अनुसार, वर्तमान में रु. 37000/- + एचआरए प्रति माह।

iii. **कार्यकाल और अपग्रेडशन :** फेलोशिप का कार्यकाल शुरू में 2 (दो) वर्ष की अवधि के लिए होगा एवं इसे नियमों के अनुसार बढ़ाया और अपग्रेड किया जा सकता है।

iv. आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं सी.एस.आई.आर.-यू.जी.सी. (नेट)/गेट, यदि लागू हो वॉक-इन- इंटरव्यू की तारीख पर माना जाएगा।

v. चयनित होने पर इंटरव्यू में भाग लेने या कार्यभार ग्रहण करने के समय कोई टीए/डीए भुगतान नहीं किया जाएगा।

vi. संगठनात्मक आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों की वास्तविक संख्या भिन्न हो सकती है।

vii. वर्तमान में सरकारी विभागों/पीएसयू/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को इंटरव्यू के समय एनओसी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

viii. स्मार्ट/मोबाइल फोन/पेन ड्राइव/लैपटॉप/सीडी-रोम/स्मार्ट वॉच आदि जैसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सी.ए.आई.आर. परिसर के अंदर लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (इसे सी.ए.आई.आर. के स्वागत कक्ष में जमा किया जा सकता है।)

ix. उम्मीदवारों के लिए वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। चूंकि इंटरव्यू स्थल के पास कोई सार्वजनिक पार्किंग सुविधा उपलब्ध नहीं है, इसलिए उम्मीदवारों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

x. पात्रता के लिए स्क्रीनिंग के दौरान अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। संलग्न प्रारूप के अनुसार केवल ब्लॉक अक्षरों में टाइप किया हुआ आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

xi. चयनित होने पर उम्मीदवार की पूर्ववृत्त की दोबारा जांच की जाएगी।

xii. चयनित उम्मीदवार को फेलोशिप की अवधि के दौरान किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान के साथ पीएचडी (बाह्य मोड) के लिए पंजीकरण करने की अनुमति जा सकती है।

xiii. फेलोशिप प्रदत्त उम्मीदवारों को किसी भी परिस्थिति में डी.आर.डी.ओ. में समामेलन का कोई अधिकार नहीं होगा।

xiv. चयनित होने पर किसी भी उम्मीदवार द्वारा अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जाएगा। चयन पूरी तरह से संगठन के दायरे में होगा।

xv. संगठन के पास किसी भी कारण को निर्दिष्ट किए बिना किसी भी समय पूरी चयन प्रक्रिया/चयन को रद्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

xvi. स्पष्टीकरण, यदि आवश्यक हो तो ईमेल **"j.r.f.recruitment.blore@gmail.com"** पर मांगा जा सकता है। ईमेल का विषय में "**जेआरएफ विज्ञापन संख्या: CAIR/HRT/JRF/2026/02 के संबंध में स्पष्टीकरण**" होना चाहिए। **कृपया ध्यान दें** निर्दिष्ट विषय के **अतिरिक्त किसी भी अन्य उपसर्ग और/या प्रत्यय का उपयोग करना वर्जित है।** इसका अनुपाल न करने पर प्रेषित ईमेल को अस्वीकार किया जा सकता है।

**महत्वपूर्ण तिथियां:**

**ई-मेल द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 13 सितंबर 2026 (रविवार)**

**वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 19 सितंबर 2026 (शनिवार)**

प्रभाग प्रमुख

कृते निदेशक, सी.ए.आई.आर.

**सी.ए.आई.आर. में जेआरएफ के लिए जीवनवृत्त प्रारूप (विज्ञापन सं. CAIR/HRT/JRF/2026/02)**

| **नवीनतम पासपोर्ट आकार रंगीन फोटो चिपकाएं** |
|---|

1. पूरा नाम :
2. पिता/पति का नाम :
3. स्थायी पता:
4. वर्तमान पता :
5. जन्म तिथि :
6. साक्षात्कार की तारीख (19 सितंबर 2026) को आयु :
7. श्रेणी (सामान्य/ओबीसी/एससी/एसटी/अन्य) :
8. लिंग (पुरुष/महिला/तृतीय लिंग) :
9. पहचान प्रमाण (पैन/ड्राइविंग लाइसेंस/आधार/मतदाता पहचान पत्र/अन्य सरकारी पहचान पत्र) :
10. शैक्षिक योग्यता: एस.एस.एल.सी./समकक्ष से आगे

| **उत्तीर्ण परीक्षा** | **संस्था का नाम और विश्वविद्यालय/बोर्ड** | **विषय** | **उत्तीर्ण वर्ष** | **% अंक** | **डिवीजन/क्लास** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. क्या यूजीसी-जेआरएफ/सीएसआईआर-जेआरएफ/नेट/गेट परीक्षा में अर्हता-प्राप्त: …………। (हाँ/नहीं)
*(अनिवार्य है यदि उच्चतम डिग्री केवल बी.ई./बी.टेक. है।)*

12. यदि हाँ तो रोलनंबर………………… वर्ष……………. वैद्यता………………… प्राप्तांक…………… की जानकारी दें।
*(अनिवार्य है यदि उच्चतम डिग्री केवल बी.ई./बी.टेक. है।)*

13. वर्तमान रोजगार/अनुभव, यदि कोई हो:

| **संगठन का नाम** | **पद और सेवा की अवधि** | **छोड़ने के कारण** | **वेतन और वेतनमान** | **कार्य-प्रकृति (संक्षेप में)** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

14. पाठ्येतर गतिविधियों/पुरस्कारों का विवरण (यदि कोई हो) :

15. फोन नंबर (लैंडलाइन/मोबाइल) और ईमेल आईडी :

**घोषणा**

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य/सही है और कुछ भी छिपाया/विकृत नहीं किया गया है। यदि किसी भी स्तर पर कोई जानकारी गलत पाई जाती है, तो मैं वर्तमान नियमों/कानून के अनुसार प्राधिकरण द्वारा की गई कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होऊंगा।

स्थान: उम्मीदवार के हस्ताक्षर

तारीख:

संलग्नकों की सूची:

| (जीवनवृत्त केवल इस प्रारूप में और सभी ब्लॉक अक्षरों में टाइप किया जाना है। अपूर्ण जीवनवृत्त को अस्वीकार कर दिया जाएगा) |
|---|